संक्षिप्त

17 मरीजों का किया सम्मान

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आयोजित आंखों में मोतियाबिंद एवं लैंश प्रत्यारोपण शिविर में चयनित 17 मरीजों के ऑपरेशन के बाद जयपुर से वापस लौटने पर लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने उनका हालचाल जाना और स्वागत में सभी को शॉल ओढाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, सागरमल सैनी, व्यापारी आदि उपस्थित रहे।

नियमित चुग्गा-पानी की व्यवस्था

टोंक, (निसं)। नगर परिषद आयुक्त श्रीमति ममता नागर ने 15 मई को किदवाई पार्क एवं नेहरू पार्क में पक्षियों के पीने के पानी के लिए परिण्डे बांधे एवं चुग्गा डाला। टोंक नगर परिषद आयुक्त ममता नागर ने बताया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के पीने के पानी के लिए शहर में पार्कों एवं सरकारी कार्यालयों में परिण्डे बांधकर नियमित चुग्गा-पानी की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर आयुक्त सहित अधिशाषी अभियन्ता विवेकानन्द, सहायक अभियन्ता फतेह सिंह तथा अन्य कर्मचारियों ने परिण्डे बांधे।

कृत्रिम हाथ वितरण शिविर 9 जून को

अलवर, (निसं)। रोटरी क्लब ग्रेटर और रोटरी क्लब जयपुर मेजेस्टी के संयुक्त तत्वावधान में 9 जून को महावर धर्मशाला में कृत्रिम हाथ वितरण शिविर आयोजित होगा। इसमें अमेरिका की एलन मीडोज प्रास्थेटिक हैंड्स फाउंडेशन द्वारा निर्मित कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे। शिविर संयोजक रोटेरियन अमित श्यामसुखा और क्लब अध्यक्ष एम.एल. गुप्ता ने बताया कि 100 से अधिक बच्चों, महिला और पुरुषों के कृत्रिम हाथ लगाने का टारगेट रखा गया है। फिलहाल संस्था की ओर से रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है। आगामी 31 मई तक रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। इस शिविर में किसी भी राज्य या जिले का नागरिक रजिस्ट्रेशन कर सकता है।

पक्षियों के लिए लगाए 51 परिंडे

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मऊ में सीकर ग्लोबल रेजिडेंशियल स्कूल के डायरेक्टर श्याम चौधरी, स्कूल स्टाफ बच्चों ने भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल कैंपस में बेजुबान पशु पक्षियों के लिए दाना पानी व 51 परिंदे लगाएं हैं। उन्होंने कहा कि उनके दाना पानी की व्यवस्था अपने स्तर पर ही करेंगे। आमजन से भी निवेदन है कि इस गर्मी को देखते हुए आप सभी अपने घर के आसपास में ज्यादा से ज्यादा परिंडे लगाकर इन बेजुबान पशु-पक्षियों की जान बचाने का काम करें।

निशुल्क नेत्र जांच शिविर 19 को

राजगढ, (निसं)। कस्बे में समाजसेवी संस्था लायंस क्लब एवं डॉक्टर श्रॉफ आई हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर 19 मई को ब्राह्मण धर्मशाला में होगा। शिविर प्रात: 9 से दोपहर 1 तक आयोजित होगा। क्लब के अध्यक्ष खेम सिंह आर्य व सचिव एन एल वर्मा ने बताया कि शिविर में आने वाले रोगी आधार कार्ड एवं राशन कार्ड साथ लाए। समन्वयक समुद्र सिंह ने बताया कि शिविर में चयनित मरीजों का ऑपरेशन अलवर में होगा।

मिड टर्म टेस्ट 20 से प्रारंभ

राजगढ, (निसं)। कस्बे के राजकीय कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष नियमित विद्यार्थियों के द्वितीय सेमेस्टर के मिड टर्म टेस्ट 20 से 25 मई तक आयोजित होंगे। प्राचार्य ने बताया कि मत्स्य यूनिवर्सिटी के शेड्यूल के अनुसार 25 मई तक टेस्ट होंगे। मिड टर्म टेस्ट के प्राप्तांक अंक तालिका में जुडेंगे। टाइम टेबल कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। मिड टर्म टेस्ट का यह अंतिम अवसर होगा, इसके पश्चात किसी को भी अनुमति नहीं दी जाएगी।

श्री पीर बाबा का विशाल मेला आज

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुजोता में पहाडी पर स्थित श्री पीर बाबा का विशाल मेला गुरूवार को आयोजित होगा। इससे पूर्व बुधवार रात्रि को रागनी कम्पीटीशियन कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सुरेश गोला एण्ड पार्टी (पलवल) हरियाणा द्वारा प्रस्तुती दी जायेगी। गुरूवार को चदर रस्म, भण्डारा, विशाल मेला व कुश्ती दंगल का आयोजन किया जायेगा।

विश्वविद्यालय कम पानी से अधिक उपज की तकनीक के लिए कार्य करे : राज्यपाल

जयपुर, (निसं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कृषि वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन से फसलों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचाने की तकनीक विकसित करने और कम पानी में अधिक उपज तकनीक विकास के लिए कार्य करने का आव्हान किया है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा के विकास के साथ कृषि उन्नित के लिए विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान की मौलिक दृष्टि के विकास के लिए भी निरंतर कार्य करने की आवश्यकता जताई।

राज्यपाल मिश्र बुधवार को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के षष्ठम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने चित्रांगना सिंह छीपा को स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्हें यह पदक शैक्षिणक वर्ष 2022-23 में कृषि स्नातक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए दिया गया।

राज्यपाल ने संविधान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि संविधान को बदला नहीं जा सकता। संविधान ने ही हमें अधिकार दिए हैं तो कर्तव्य भी प्रदान किए हैं। उन्होंने सभी को संविधान

श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित षष्ठम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने चित्रांगना सिंह छीपा को स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

संस्कृति के लिए कार्य किए जाने का भी आव्हान किया। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि मूल प्रति में रामायण के आदर्श राम राज्य की कल्पना हैं तो श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गीता के कर्म संदेश का भी प्रसार है।

उन्होंने कृषि शिक्षा से जुडे युवाओं का आव्हान किया कि वे संविधान की संस्कृति से जुडे। रोजगार पाने वाले बनने की बजाय रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने युवाओं को कृषि उद्यम स्थापित कर दुनियाँ में उभरते भारत की अर्थव्यवस्था को उच्च स्तर पर ले जाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाने का भी आग्रह किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा 7 स्वर्ण पदकों में 4 पदक छात्राओं द्वारा प्राप्त किए जाने पर उनकी सराहना की।

समारोह में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. बलदेव सिंह ढिल्लो ने दीक्षांत उद्बोधन में राजस्थान की जलवायु को ध्यान में रखते हुए जैव प्रौद्योगिकी, नैनों टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल

- श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर का षष्ठम दीक्षांत समारोह

इंटेलिजेंस का कृषि अनुसंधान में समावेश कर कृषि विकास को गति देने पर जोर दिया। कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इससे पहले राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में कृषि और पशुपालन विकास से जुडी प्रसार शिक्षा प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकाशनों का भी विमोचन किया, बाद में विश्वविद्यालय परिसर में उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से निर्मित मलजल उपचार प्रौद्योगिकी और अपशिष्ट जल प्रबंधन संयंत्र और खेल पेवेलियन का भी लोकार्पण किया। राज्यपाल एवं कुलाधिपति मिश्र ने दीक्षांत समारोह में डॉ. बलदेव सिंह ढिल्लो को विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

क्रिकेट संघ दौसा का समर कैंप कल से शुरू

दौसा,(निसं)। राजस्थान क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार दौसा जिले के अंडर 14, अंडर 16, अंडर 19, खिलाड़ियों के लिए समर कोंचिंग कैंप 17 मई से 30 मई तक राजेश पायलट स्टेडियम दौसा पर आयोजित किया जायेगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि जिले के खिलाडी जो इस कैंप में भाग लेने के इच्छुक है। वे खिलाडी अपना रजिस्ट्रेशन 17 मई व 18 मई को अपना रजिस्ट्रेशन राजेश पायलट स्टेडियम पर प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक करवा लें। इसमें दौसा जिले के वो ही खिलाड़ी भाग ले पायेगें जिनका रजिस्ट्रेशन 18 मई तक हो जाएगा। खिलाडियों को निम्न दस्तावेज जिनमे कम्प्यूटर से बना हुआ जन्म प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, पिछले तीन वर्षो की स्कूल की मार्कशीट, स्वयं का व माता-पिता का आधार कार्ड साथ लाने होंगें।

निरीक्षण में क्षमता से अधिक बंदी मिले, शौचालय की सफाई के दिये निर्देश

किशनगढबास, (निसं)। उप कारागृह जेल किशनगढबास का विधिक प्राधिकरण जिला सचिव व जिला एवं सेशन न्यायाधीश अलवर भारत भूषण शर्मा ने औचक पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में क्षमता से अधिक बंदी मिले तथा शौचालय में साफ सफाई व पानी की व्यवस्था ठीक नहीं पाए जाने पर जेल प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सैशन न्यायाधीश अलवर हरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार उपकारागृह किशनगढबास का बुधवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश भारत भूषण शर्मा के द्वारा किए गए निरीक्षण में उपकारागृह में क्षमता से अधिक

विधिक प्राधिकरण जिला सचिव व जिला एवं सेशन न्यायाधीश भारत भूषण शर्मा ने जेल प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए।

155 विचाराधीन बंदीजन निरुद्ध पाए गए जबकि उपकारागृह में वर्तमान क्षमता 127 बंदीजन की है। निरीक्षण के दौरान उपकारागृह में 12

- रसोईघर, शौचालय एवं बैरकों में निर्माण की आवश्यकता बताई

शौचालय पाए गए जिनमें साफ सफाई एवं पानी की उचित व्यवस्था नहीं पाई गई। बंदी बैरकों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखने पर बैरकों में भी साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं पाई गई।

जिला सचिव ने साफ सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं पाए जाने पर जेलर रामेश्वर लाल को मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपकारागृह भवन के रसोईघर, शौचालय एवं बैरकों में निर्माण की आवश्यकता बताई गई।

पावटा में ट्रांसफार्मर में लगी आग, बस स्टैंड पर मचा हड़कंप

पावटा, (निसं)। गर्मी की तपिश से ट्रांसफार्मरों का पारा भी चढने लगा है। ट्रांसफार्मर गर्म होने से इनमें आग सुलगने लगी है। बुधवार दोपहर पावटा मुख्य बस स्टैंड पर उस समय हडकंप मच गया जब मैन बस स्टैंड पर डाकघर के पास लगे ट्रांसफार्मर में भीषण गर्मी के कारण अचानक तेज धुआं और आग की लपटे निकलने लगी।

प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा ट्रांसफार्मर में आग की सूचना तुरंत विद्युत विभाग

- ट्रांसफार्मर में लगे तारों से धुआं और आग की लपटे निकलने लगी

के अधिकारियों को दी गई। घटना की सूचना तुरंत बिजली विभाग को दी गई। जिस पर विद्युत विभाग पावटा लाईनमेन गोविंद और मुकेश कुमार ने मौके पर पहुँच तत्परता दिखाते हुए विद्युत लाइन को बंद करवा ट्रांसफार्मर के तारों से निकल रही आग को अग्निशमन उपकरणों की मदद से बुझाकर आग पर काबू पाया। इस मरम्मत कार्य को निपटाने में विद्युत

विद्युत विभाग के लाईनमेन गोविंद और मुकेश कुमार ने आग को अग्निशमन उपकरणों की मदद से बुझाकर आग पर काबू पाया।

विभाग के कर्मचारियों को करीब दो घंटे का समय लगा। इसके बाद बिजली सप्लाई सुचारु हो पाई। इससे लोगों ने गर्मी के मौसम में राहत की सांस ली। मुख्य बस स्टैंड पर व्यस्ततम मार्केट में हमेशा भारी भीड रहती है। ऐसे समय में बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा समय पर घटना पर काबू पाने से बडी दुर्घटना होने से टल गई। वही विद्युत विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बिजली के ट्रांसफार्मरों में आग लगने का कारण सबसे बडा कारण ओवरलोड होना है। उपभोक्ताओं के घरों में एक किलोवाट लोड लिया हुआ हैं। जबकि घरों में कई-कई किलोवाट के बिजली उपकरण चलाए जा रहे हैं। इससे ट्रांसफार्मरों पर लोड बढता है और वह जल रहे हैं। गर्मी लगातार बढ रही है और ओवर लोड की समस्या भी है। इसी वजह से आग लग रही है, हालांकि जहां पर भी इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। वहां समस्या का समाधान भी तुरंत करवाया जा रहा है।

मालपुरा को जिले की अधिसूचना जारी करने की मांग

मालपुरा, (निसं)। अभिभाषक संघ अध्यक्ष रवि कुमार जैन के नेतृत्व में मालपुरा बार के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप मालपुरा को जिला बनाने के लिये गजट नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की गई।

सौंपे गये ज्ञापन में रवि कुमार जैन सहित महेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र राजपुरोहित, अब्दुल हमीद, गीता वालिया, नितिल कुमावत, शशि जैन, हनुमान प्रसाद विजय, पुरूषोतम सैनी, सुरेन्द्र मोहन जैन, सुरेन्द्र गौतम, आशुतोष, परशुराम चौधरी, प्रेमचन्द सैनी सहित बार के सभी अधिवक्ताओं ने सौंपे गये ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मालपुरा जिले का गजट नोटिफिकेशन जारी किये जाने व टोडारायसिंह तहसील का राजस्व फोजदारी एवं सिविल क्षेत्राधिकार पूर्व की तरह मालपुरा में करने की पुरजोर मांग की। अवगत करवाया कि पूर्व सरकार के मंत्री मंडल की अभिशंषा पर राजस्व ग्रुप प्रथम विभाग द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन मे अंकित प्रदेश का नवीन जिला मालपुरा के गठन की सैद्धान्तिक स्वीकृति 6 अक्टूम्बर 2023 को प्रदान करने तथा नवीन जिले का क्षेत्र निर्धारण के लिये जिला गठन हेतु उच्च स्तरीय समिति को

- अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनुशंषा सम्बन्धित प्रस्ताव को 7 अक्टुम्बर को सर्कुलेशन के माध्यम से अनुमोदन किया गया था लेकिन तत्काल एक दिन बाद ही विधानसभा चुनाव आचार संहिता की घोषणा होने के कारण जिले का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं हो सका। जिसे अब भाजपा की सरकार बनने पर जारी कर मालपुरा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को नवीन जिले का लाभ मिल सके।

जब तक जिले का गजट नोटिफिकेशन जारी नही हो जाता तब तक टोडारायसिंह उपखण्ड की सभी 20 पंचायतों का क्षेत्राधिकार नवीन केकडी जिले में और 11 पंचायतों का क्षेत्राधिकार यथावत क्षेत्र में ही निष्पादन करने के आदेश जारी करे। जिले का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं होने पर लोकसभा की आचार संहिता हटने के बाद अभिभाषक मालपुरावासियों के साथ आंदोलन कर अनिश्चितकालीन हडकाल शुरू करेगें।

सुचारु पेयजल आपूर्ति के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग रखे : कलेक्टर

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने बुधवार की अलसुबह शहर का दौरा कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने आमजन से पेयजल आपूर्ति का फीडबैक लिया।

- कलेक्टर ने पेयजलापूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा

उन्होंने जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि शहर में सुचारु पेयजल आपूर्ति हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग रखे। राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन हटवाये। टेलएंड में पेयजल आपूर्ति सुचारु कराने हेतु फिल्ड स्टाफ निरंतर निगरानी रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि पाइप लाइन लीकेज कि सूचना मिलते ही तुरंत

कलेक्टर आशीष गुप्ता ने आमजन से पेयजल आपूर्ति का फीडबैक लिया।

दुरुस्त करावे। पानी कि मोटर आदि उपकरण खराब होने पर तुरंत दुरुस्त करावे। पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टेंकर्स से आपूर्ति कराई जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पेयजल आपूर्ति से जुडी आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका त्वरित निदान करने के प्रयास करें। उन्होंने मौके पर आमजन कि परिवेदनाओं को सुनकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ललित किशोर करोल, अधीक्षण अभियंता सुनील गर्ग, अधिशाषी अभियंता संजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विभिन्न मांगों पर सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा कोटपूतली की ओर से जिलाध्यक्ष विनोदपाल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

जिला मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि ज्ञापन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को 1 जुलाई 2024 से लागू करने, शिक्षकों के विभिन्न संवर्गों की पदोन्नतियां तत्काल करने, न्यायालय में चल रहे वाद की स्थिति में न्यायालय के निर्णय के अधीन मानते हुए पदोन्नतियां तत्काल करने, अधिशेष शिक्षकों की वेतन व्यवस्था में सुधार करने एवं उनका शीघ्र समायोजन करने की मांग की गई। माध्यमिक शिक्षा में कोरोना काल से ही नामांकन में कई गुना वृद्धि हुई है अत: स्टाफिंग पैटर्न लागू किया जाये। इस दौरान रणवीर सिंह, कर्म सिंह, रमेश चन्द, देवेन्द्र कुमार, सुमेश सैनी, राजेश यादव, मुकेश वर्मा, राजेश चौधरी, पूरण सैनी, जगदीश माली, नरेंद्र गुप्ता व ताराचंद मेहरड़ा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

सार-समाचार

फर्जी दस्तावेजों से दो करोड़ का लोन उठाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

बौंली -बामनवास, (निसं)। क्षेत्र के मलारना डूंगर थाना अंतर्गत श्यामपुरा की बडौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक से फर्जी दस्तावेज तैयार कर करीब दो करोड रुपए का लोन उठाने के दर्ज मामले में मलारना डूंगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जून 2020 को बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सवाई माधोपुर के प्रबंधक रमेश चंद्र बसेर ने मलारना डूंगर थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि वर्ष 2018 से लेकर 2019 तक एक अपराधी गिरोह ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके जमाबंदी, सिंचाई प्रमाण पत्र, गिरदावरी, नक्शा ट्रेस आदि में कंप्यूटराइज्ड कर अन्य खातेदारों की जमाबंदी फर्जी नाम से नामांतरण कर इंद्राज कर दिया एवं तहसीलदार, पटवारी व उपपंजीयन आदि की सील व फर्जी हस्ताक्षर करके श्यामपुरा बैंक शाखा से 2 करोड रुपए का लोन उठा लिया। इस मामले में 42 लोगों के खिलाफ मलारना डूंगर थाने में धोखाधडी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर मलारना डूंगर पुलिस ने राम लखन बैरवा, मनराज उर्फ पोपली मीणा, महेंद्र सिंह मीणा निवासी भूरी पहाडी एवं रामकेश मीणा निवासी बसो खुर्द को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।

पेयजल सप्लाई ठप, आमजन त्रस्त

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय के सामने जलदाय विभाग की टीम पेयजल पाइप लाईन को ठीक करने में जुटी हुई है। जलदाय विभाग की टीम पिछले 48 घंटे में भी पाईप लाईन का लीकेज ठीक नहीं कर पाई है। जिससे वार्डवासियों को भीषण गर्मी में पेयजल समस्या से जुझना पड रहा है। जानकारी अनुसार पिछले दिनों राज नेट कंपनी द्वारा फाईबर केबल डालते समय पेयजल सप्लाई की कई लाईनों को तोड दिया गया था। जिससे पिछले कई दिनों से पुलिस थाना से लेकर राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय तक पेयजल पाइप लाइन कई जगहों से टूटी पडी है। सरदार स्कूल के सामने पिछले दो दिनों से सडकों पर लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह चुका है अभी तक इसका कोई स्थाई समाधान नहीं हो पाया है। यदि स्थितियां ऐसे ही बनी रही तो भयंकर गर्मी में आम नागरिक पानी के बिना कैसे अपना जीवनयापन करेगा। स्थानीय प्रशासन, जलदाय विभाग, नगर परिषद को इस और ध्यान देना चाहिये।

निशुल्क ध्यान शिविर का समापन

टोंक/देवली, (निसं)। देवली उपखण्ड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यासागर सभागार में पिछले तीन दिनों से चल रहे हार्टफुलनेस संस्था के एकात्म अभियान के निशुल्क ध्यान शिविर का समापन बुधवार को हुआ। शिविर में जयपुर से आए हार्टफुलनेस संस्था के जोनल कोऑर्डिनेटिर तरुण तोषनीवाल, प्रशिक्षक अंकुर शाह, हनुत सिंह रावत एवं भावना रावत ने प्रतिभागियों को ध्यान के महत्व एवं प्रभाव के बारे में बताया। तरुण तोषनीवाल ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है उसी प्रकार मन को स्वस्थ रखने के लिए ध्यान आवश्यक है, हार्टफुलनेस ध्यान मन के नियमन में कैसे उपयोगी है इस बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही इन तीन दिनों में यौगिक प्राणाहुति पर आधारित हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास भी किया गया। यहां उल्लेखनीय हैं कि हार्टफुलनेस संस्था एक गैर लाभकारी अंतरराष्ट्रीय संस्था है जिसका मुख्यालय भारत में हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में स्थित है।

बीसीएमओ ने किया निरीक्षण

कोटपूतली, (निसं)। बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर ने बुधवार को कस्बे के गोपालपुरा रोड स्थित जनता क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। बीसीएमओ ने स्टॉफ को निर्धारित गणवेश में समय पर उपस्थित होकर आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवायें उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। शहरी क्षेत्र के वार्डो में कार्य योजना बनाकर शक्ति दिवस, टीकाकरण दिवस, मौसमी बीमारियों आदि कार्य सम्पादित करने एवं वार्डो में घर-घर जाकर सर्वे करने के निर्देष दिये। बीसीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी व दवा वितरण आदि की जांच की। चिकित्सा संस्थान पर पेयजल की व्यवस्था, लू-तापघात को देखते हुये आवश्यक दवाईयां रखने के निर्देश प्रदान किये।

ऋषभ के हत्यारों को पकड़ने की मांग

किशनगढबास, (निसं)। पंजाबी खत्री समाज ने ऋषभ जसूजा गंगानगर की हत्या के मामले में मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम मूलचंद लूणिया को सोपा है। किशनगढ बास पंजाबी खत्री समाज के लोगों ने ज्ञापन में ऋषभ जसूजा हत्या मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं परिवार जनों को उचित मुआवजा दिलाए जाने की सरकार से मांग की है। ज्ञापन देने वालों में समाज के अध्यक्ष हेमंत भूगडा संरक्षक हरमेश खुराना डॉक्टर जगदीश अरोडा हीरानंद भीमसेन आदि समाज बंधु मौजूद रहे।

31 तक करा सकेंगे बायोमैट्रिक उपस्थिति

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु विधार्थियों को 31 मई तक बायोमैट्रिक उपस्थिति करवानी होगी। प्राचार्य डॉ.आर.के.सिंह ने बताया कि उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति में आवेदन करने वाले विधार्थी आगामी 31 मई तक महाविधालय में उपस्थित होकर बायोमैट्रिक उपस्थिति करवाना सुनिश्चित करें। इसके अभाव में छात्रवृत्ति नहीं मिल पाने पर विधार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें। उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. बाबूलाल मीणा ने बताया कि विधार्थियों को कम से कम 5 बायोमैट्रिक उपस्थिति करवाना अनिवार्य है।

संत मदनदास की पुण्य-तिथि मनाई

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा स्थित श्री अखाडा बालाजी महाराज मन्दिर परिसर में संत मदनदास महाराज की सातवी पुण्य-तिथि बनाई गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए धर्मप्रेमी पवन कुमार निरानिया ने बताया कि इस अवसर पर ठण्डीराम महाराज की कृपा और महिमा से जल में पत्थर की कुण्डी भी तैराई गई साथ ही संतवाणी के साथ सत्संग एवं भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे।

11 परिंडे लगाये गये

कोटपूतली, (निसं)। सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा द्वारा परिंडे लगाने के अभियान के तहत बुधवार को एसपी कार्यालय में 11 परिंडे लगाये गये। इस दौरान दीवान चंद, राजेन्द्र, सौरभ शर्मा, सचिन शेखावत, रोशन सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग ने टोंक में होटलों का निरीक्षण किया

टोंक, (निसं)। खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देश पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर एवं सुरेश कुमार शर्मा ने "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत टोंक शहर के बाईपास पर संचालित होटल शीतल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल में साफ-सफाई, जल शुद्धिकरण एवं शेफ व कर्मचारियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नहीं पाया गया, शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन एक साथ रखे पाए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि होटल में मिली अनियमितताओं और खाद्य अनुज्ञा पत्र नहीं होने के कारण होटल के किचन को सीज किया गया। इसी प्रकार होटल ब्लू स्टार से दही और पनीर का सैंपल, होटल शकुंतलम से तेल व धनिया पाउडर एवं दही का सैंपल लिया गया। एनएच 52 पर स्थित होटल भारती के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई नहीं होने पर होटल संचालक को नोटिस जारी कर दही का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि पक्का बंधा पर स्थित श्याम पवित्र भोजनालय से पनीर, दूध व दही का सैंपल एवं देवनारायण भोजनालय से पनीर व दही का सैंपल लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि होटलों के निरीक्षण व खाद्य सामग्री के सैंपल के कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, शरबत एवं अन्य पेय पदार्थ, मावा, पनीर, मसाले, तेल, घी जैसे खाद्य पदार्थों की खुले में बिक्री पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, निरीक्षण के दौरान मिली कमियां साफ-सफाई, हाइजीन, खाद्य अनुज्ञा पत्र की शर्तों की पालना नहीं करने खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।